रौल नं०.........................................नाम..........................................................

XII-52 प्रीबोर्ड परीक्षा सन् 2025 ई० A

# शिक्षाशास्त्र (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3.15 घण्टा कक्षा – 12 पूर्णांक – 100

**नोट :–** (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

1. निम्नलिखित प्रश्न–खण्डों में प्रत्येक के चार–चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं। सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए:–

(क) बौद्ध काल में 'महोपाध्याय' किसे पढ़ाते थे :– 1

(अ) सामनेर (ब) गृहस्थ

(स) शिक्षक (द) धम्म।

(ख) बहुउद्देशीय विद्यालयों की स्थापना का प्रस्ताव किस आयोग ने रखा:–1

(अ) राधाकृष्णन् आयोग (ब) कोठारी आयोग

(स) मुदालियर आयोग (द) हण्टर आयोग।

(ग) शान्ति निकेतन का वर्तमान नाम है :– 1

(अ) विश्वभारती (ब) शान्ति विद्यापीठ

(स) टैगोर विश्वविद्यालय (द) कोलकाता विश्वविद्यालय।

(घ) महिला समाख्या योजना का प्रारम्भ हुआ :– 1

(अ) सन् 1979 में (ब) सन् 1989 में

(स) सन् 1999 में (द) सन् 2009 में।

(ङ) "अवधान गतिशील होता है, क्योंकि वह अन्वेषणात्मक है।" यह कथन है :–1

(अ) वुडवर्थ का (ब) मैक्डूगल का

(स) हिलगार्ड का (द) डम्बिल का।

## (निश्चित उत्तरीय प्रश्न)

2. गुरुकुल शिक्षा–प्रणाली में गुरु–शिष्य के सम्बन्ध किस प्रकार के थे? 1
3. 'उपसम्पदा' संस्कार किस काल की शिक्षा में सम्पन्न किया जाता था? 1
4. मदनमोहन मालवीय द्वारा स्थापित शैक्षिक संस्था का नाम बताइए। 1
5. स्त्री शिक्षा के मार्ग में चार बाधाएँ क्या हैं? 1
6. भूख कैसा प्रेरक है? 1

## (अतिलघु उत्तरीय प्रश्न– उत्तर सीमा 25 शब्द)

7. बौद्धकाल में स्त्री–शिक्षा की क्या व्यवस्था थी? 4
8. मध्यकालीन भारतीय शिक्षा के प्रमुख दोष बताइए। 4

(पृष्ठ पलटिए)

9. शिक्षा के प्रसार में आने वाली किन्हीं दो समस्याओं का वर्णन कीजिए। 4

10. सीखने के प्राथमिक नियमों का उल्लेख कीजिए। 4

11. "रूचि और योग्यता का घनिष्ठ सम्बन्ध है।" इस कथन पर प्रकाश डालिए। 4

12. उपलब्धि परीक्षण क्या है? सोदाहरण समझाइए। 4

**(लघु उत्तरीय प्रश्न– उत्तर सीमा 50 शब्द)**

13. वैदिक और बौद्ध शिक्षा-प्रणालियों की समानताओं और असमानताओं की विवेचना कीजिए। 6

14. महात्मा गाँधी जी की 'बेसिक शिक्षा' के बारे में उनके विचारों को स्पष्ट कीजिए। 6

15. प्राकृतिक आपदा से आप क्या समझते हैं? किसी एक प्राकृतिक आपदा का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 6

16. सामाजिक शिक्षा के मुख्य उद्देश्य बताइए। 6

17. पुरस्कार के प्रकार बताइए। इन्हें क्यों दिया जाता है? 6

18. मानसिक स्वास्थ्य से आप क्या समझते हैं? मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए। 6

**(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न– उत्तर सीमा 150 शब्द)**

19. प्राचीन व मध्यकालीन शैक्षिक विशेषताओं की तुलना निम्न विन्दुओं के आधार पर कीजिए :– 10

(अ) शिक्षा का उद्देश्य (ब) पाठ्यक्रम (स) शिक्षा के केन्द्र।

**अथवा**

अधोलिखिक प्रसंगों के ऊपर एनी बेसेण्ट के शैक्षिक विचारों को लिखिए :–

(अ) शिक्षा का पाठ्यक्रम (व) शिक्षण पद्धति (स) शिक्षा के उद्देश्य।

20. पर्यावरण शिक्षा का अर्थ स्पष्ट कीजिए। इसके किसी एक महत्व का वर्णन कीजिए। 10

**अथवा**

शैक्षिक स्तर से आप क्या समझते हैं? भारतीय शिक्षा व्यवस्था में शैक्षिक स्तर में ह्रास के कारणों को स्पष्ट कीजिए।

21. "भारत के जनसंख्या-विस्फोट हो रहा है।" क्या आप इससे सहमत है? इसको रोकने में जनसंख्या शिक्षा किस प्रकार सहायक है? 10

**अथवा**

बुद्धि से आप क्या समझते हैं? परिभाषित कीजिए। बुद्धि की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।